बी ई एम एल
beml
NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

# <u>बीईएमएल कर्मचारी ने प्रधान मंत्री का श्रम श्री पुरस्कार जीता</u>

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की मिनि रत्न कंपनी है, के कर्मचारी **श्री टीएम तम्मय्या** को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्ष 2016 के प्रतिष्ठित **प्रधान मंत्री के श्रम श्री पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है। अखिल भारतीय आधार पर कठोर प्रतिस्पर्धा होते हुए भी, श्री तम्मय्या हमारे देश में उक्त पुरस्कार के 20 विजेताओं में से एक रहे हैं।

नई दिल्ली में आयोजित समारोह में श्री तम्मय्या ने भारत के माननीय उप राष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू से उक्त पुरस्कार गृहण किया।

श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा यह पुरस्कार स्थापित किया गया है और सार्वजनिक उपक्रमों, विभागीय उपक्रमों, इकाइयों और निजी क्षेत्र की इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों को उनके विशिष्ट प्रदर्शन, अभिनव क्षमता, उत्पादकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान तथा असाधारण साहस और बुद्धि तत्परता के प्रदर्शन की पहचान में यह पुरस्कार दिया जाता है। **यह उल्लेखनीय है कि बेंगलूर में स्थित सार्वजनिक उपक्रमों में से ये केवल एकमात्र कर्मचारी है, जो इस पुरस्कार के लिए चुना गया है।**



*भारत के माननीय उप राष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू से श्रम श्री पुरस्कारगृहण करते हुए श्री टीएम तम्मय्या*

श्री तम्मय्या बीईएमएल मैसूर कॉम्प्लेक्स में कार्यरत हैं, जो बीएमएमएल गुणवत्ता, नॉनिमारा, उत्कृष्ट योग्यता पुरस्कार प्राप्त किए हैं, और उन्होंने मैसर्स् डीआरडीएल, हैदराबाद को आपूर्ति की गई आकाश मिसाइल घटकों के लिए बोरिंग फिक्स्चर के डिजाइन एवं निर्माण द्वारा कम्पनी के लिए अति महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। 150 टन और 205 टन के भारी ड्यूटी डंप ट्रकों के लिए विशाल बोरिंग फिक्स्चर के डिजाइन और विनिर्माण में उनका उत्कृष्ट प्रयास कंपनी को न केवल अच्छी बचत लाया बल्कि देश के 'मेक इन इंडिया' दृष्टि को भी साकार किया। श्री तम्मय्या की प्रशंसा करते हुए, श्री डी के होता, सीएमडी, बीईएमएल ने कहा, ये बेमल के सभी कर्मियों और भावी पीढ़ी के लोगों के लिए एक प्रेरणास्रोत है।

दिनांक: 28.02.2018 स्थान: बेंगलूर